राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2004

10 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्वारा मध्य प्रदेश में समेकित संयंत्र की स्थापना

2004. श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी, सेल मध्य प्रदेश में 20 हजार करोड़ रुपये की लागत निवेश से दूसरा एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में इस्पात मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सरकार से इस्पात संयंत्र इकाई स्थापित कराने या कच्चा लौह अयस्क की उपलब्धता के बारे में सभी तरह की पड़ताल कराई गई है या विचार विमर्श किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) से (घ): सेल ने मध्य प्रदेश में छत्तरपुर जिले के कुछ क्षेत्रों और जबलपुर जिले के सिहोरा तहसील में लौह अयस्क के पूर्वेक्षणी लाइसेंस (पीएल) के लिए आवेदन किया है। यदि पीएल प्रदान कर दी जाती है तो क्षेत्र में वैज्ञानिक खोज की जाएगी। लौह अयस्क भण्डारों की उपलब्धता के आधार पर सेल एक इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए निवेश करने पर उपयुक्त विचार कर सकता है।

***